उत्तर प्रदेश शासन

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-4

संख्या-1|316980/23-27-सिं0-4

लखनऊ : : दिनांक 16 मई, 2023

डा०सं० 3919 /शासन
प्रमुख अभि० (सिंचाई)
दिनांक 17/05/2023

प्रमुख सचिव,

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,

उत्तर प्रदेश शासन।

कृपया जनपद वाराणसी में गंगा नदी के बांये किनारों पर स्थित घाटों के तकनीकी अध्ययन से संबंधित जिलाधिकारी वाराणसी के पत्र संख्या-947/बं0 प्र0 वा0/कला अनु0/गंगा नदी, दिनांक 24 अप्रैल, 2023 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वाराणसी के शहरी क्षेत्र में सुरक्षा, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से गंगा नदी के घाटों एवं नदी में जमा सिल्ट के तकनीकी अध्ययन हेतु किसी विशेषज्ञ संस्था को नामित किये जाने का अनुरोध राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन0एम0सी0जी0) से किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि गंगा एवं गंगा की सहायक नदियों को तकनीकी संस्थाओं के विशेषज्ञों के सहयोग से चलाये जा रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प से संबंधित कार्य व गंगा घाटों के निर्माण, सफाई एवं रख रखाव का कार्य नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा सम्पन्न कराया जाता है।

अतः अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

Signed by अमित प्रणव
Date: 15-05-2023 20:05:08
Reason: Approved

(अमित प्रणव)
संयुक्त सचिव।

**संख्या-1|316980(1) /23-27-सिं0-4 तद्दिनांक।**

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अधिशासी निदेशक (टेक्नीकल), राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन0एम0सी0जी0), प्रथम तल, मेजर ध्यान चन्द नेशनल स्टेडियम, इण्डिया गेट, नई दिल्ली।
2. जिलाधिकारी वाराणसी।
3. प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

अमित प्रणव,

संयुक्त सचिव।

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,उ0प्र0,लखनऊ

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद।

प्रेषित,

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर।

पत्रांकः /सिनिखगा0/ दिनांकः

**विषयः** छठ पूजा हेतु घाट के निर्माण के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भः** प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, गौतमबुद्धनगर का पत्रांक– 2865/29–1, गौतमबुद्धनगर, दिनांक 01.11.2025।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसके द्वारा श्री शेखर झा, पूर्वान्चल कल्चरल समिति द्वारा छठ पूजा के लिए हिन्डन नदी के पास 142 पुलिस स्टेशन के पीछे घाट निर्माण हेतु अद्यतन स्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा है।

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश, सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग–4 के पत्र संख्या 1/316988/23727–सिं0–4, लखनऊ दिनांक 16.05.2023 द्वारा उल्लेखित है कि गंगा एवं गंगा की सहायक नदियों को तकनीकी संस्थाओं के विशेषज्ञों के सहयोग से चलाये जा रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प से संबंधित कार्य व गंगा **घाटों के निर्माण,** सफाई एवं रख–रखाव का कार्य नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा(छायाप्रति संलग्न)।

आख्या सादर सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद**

**पत्रांकः** 4497 **/सिनिखगा0/तदिनांकः** 05/12/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स, खण्ड आगरा नहर, ओखला, नई दिल्ली।
2– श्री अभिष्ठ कुसुम गुप्ता, सदस्य ज़िला गंगा समिति, गौतमबुद्धनगर।
3– सहायक अभियन्ता–चतुर्थ, सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद।

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद**



Scanned with OKEN Scanner